दैनिक भास्कर
21/02/2023

# जीएमएन कॉलेज के स्टूडेंट्स ने जीते गोल्ड व सिल्वर मेडल



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज ने आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक मैन-वुमन और रिदमिक जिम्नास्टिक वूमेन इंटर कॉलेज के तीनों चैंपियनशिप पर कब्जा किया। यह चैंपियनशिप 16-17 फरवरी को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित की गई। आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक में जितेंद्र और रुचि जिम्नास्ट बने। जितेंद्र ने 6 गोल्ड, 1 सिल्वर, 1 ब्रॉन्ज, सुनीता ने 1 गोल्ड, हिमांशु ने 2 गोल्ड और प्रेम ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर, यश ने 1 गोल्ड व 2 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। वहीं हरमन ने 1 गोल्ड, रुचि भट्ट ने 4 गोल्ड एक सिल्वर, कृतिका ने 1 गोल्ड, 1 ब्रॉन्ज, सुनीता शाही ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और सिमरन, निधि काजल ने एक-एक गोल्ड प्राप्त किया। रिचा प्रोच ने 4 गोल्ड, 2 सिल्वर, हिना वर्षा और नैंनसी ने गोल्ड प्राप्त किया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने पदक विजेताओं को बधाई दी।